# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 18 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


4 मौत का कारोबार बना रेत खनन हादसों के बाद भी कार्रवाई शून्य






## खबर संक्षेप

### दुर्ग-शालीमार-दुर्ग के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रायगढ़।** ग्रीष्मकाल के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये उन्हें कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु दुर्ग शालीमार दुर्ग के मध्य 1-1 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08745 दुर्ग.शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 22 अप्रैल को चलेगी द्य इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08746 शालीमार.दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 23 अप्रैल को चलेगी द्य इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुरए भाटापाराए बिलासपुर चांपा एवं रायगढ़ स्टेशनों में दिया गया है। गाड़ी संख्या 08745 दुर्ग.शालीमार समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से 22 अप्रैल बुधवार को 21.45 बजे रवाना होगी तथा रायपुर आगमन रात को 10.25 बजे और रायगढ़ आगमन 02.32 बजे पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 08746 शालीमार.दुर्ग समर स्पेशल ट्रेन शालीमार से 23 अप्रैल गुरुवार को शाम 5.45 बजे रवाना होगी तथा संतारागाछी आगमन शाम 6.13 बजे तथा रायगढ़ आगमन 03.51 बजे पहुंचेगी। इन स्पेशल ट्रेनों में 02 एसएलआरडी, 04 जनरल, 10 स्लीपर, 02 एसी सहित कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### अवैध डीजल का भंडारण 160 लीटर जब्त

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ के भंडारण और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम गारे स्थित अपना ढाबा से करीब 160 लीटर डीजल जब्त करते हुए ढांबा संचालक को गिरफ्तार किया है। ढाबा संचालक द्वारा बिना अनुमति और सुरक्षा इंतजाम के भारी मात्रा में डीजल का भंडारण करने की जानकारी पुलिस को मिली थी। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की, जहां ढाबे के पीछे रखे प्लास्टिक जरीकेन में डीजल बरामद किया गया। जांच के दौरान डीजल को 50-50 लीटर के दो जरीकेन सहित अन्य छोटे जरीकेन में संग्रहित कर अवैध रूप से बिक्री के लिए रखा गया था। इस मामले में ढाबा संचालक आरोपी दिलहरण कश्यप उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम गारे को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ धारा 287 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा कल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 19 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक एक पाली में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रायगढ़ जिले में 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन हेतु व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा विस्तृत दिशा.निर्देश जारी किए गए है। जिसके अनुसार परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 2 घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा, ताकि उनका मंडल के निर्देशानुसार फ्रिस्किंग भौतिक रूप से जांच परीक्षा केंद्र में तैनात महिला और पुरुष पुलिस कर्मी द्वारा और मूल फोटो युक्त पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। मंडल के निर्देशों के अनुसार सभी परीक्षार्थियों को अपने लिए निर्धारित परीक्षा केंद्र का प्रत्यक्ष अवलोकन पूर्व दिवस में कर लेंए ताकि उन्हें परीक्षा दिवस को परीक्षा केंद्र पर पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। परिवहन आरक्षक भर्ती परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम को नोडल अधिकारी और शासकीय हाई स्कूल पुसल्दा के प्राचार्य भुवनेश्वर पटेल, और शासकीय हाई स्कूल मिडमिडा के व्याख्याता बाबू लाल पटेल को सहायक नोडल नियुक्त किया है।

# जंगल में सांभर का शिकार, गांव में पक रहा था मांस, 5 शिकारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- घरों से मिले सांभर के अवशेष, देलारी गांव का मामला



पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत देलारी गांव में संरक्षित वन्यप्राणी सांभर का शिकार कर उसका मांस घरों में पकाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश देकर 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और बड़ी मात्रा में मीट जब्त किया।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को वन अमले को देलारी गांव में कुछ लोग वन्यप्राणी का मांस पकाकर खाने की तैयारी कर रहे थे। टीम गांव पहुंची और संदिग्ध घरों की तलाशी शुरू की। जांच के दौरान आत्माराम, मायराम, हरिश्चंद्र साव और तरुण के घर से सांभर का पका हुआ मीट बरामद किया गया है।

**जांच के लिए भेजा गया सेंपल**

कार्रवाई के दौरान गांव के कुल 5 घरों से सांभर के अवशेष मिले, जिनमें से अधिकांश मांस पहले ही पकाया जा चुका था। वन विभाग ने जब्त मीट का सेंपल लैब जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, ताकि पुष्टि के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई मजबूत की जा सके। दूसरी ओर इस मामले को लेकर पुलिस पहले ही तीन लोगों को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था, लेकिन वन विभाग की टीम ने जांच का हवाला देकर तीनों को छुड़ा लिया था। बाद में वन विभाग ने पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है।

वहीं मोतराम राठिया के घर की तलाशी में पता चला कि वह करीब 1 किलो मीट पहले ही पका कर खा चुका था। वन विभाग ने मौके से अवशेष और उपयोग किए गए बर्तन जब्त कर लिए हैं। सख्ती से कि गई पूछताछ में आरोपियों ने जंगल में शिकार कर सांभर का मांस लाने और पकाने की बात स्वीकार की। वन अमले ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर रेंज कार्यालय लाया और उनके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 39, 50 और 51 के तहत मामला दर्ज किया है।

### बीते 2024 से अब तक प्लांटों द्वारा अवैध तरीके से किया जा रहा था परिवहन

# थम नहीं रहा फ्लाईऐश का अवैध परिवहन पर्यावरण विभाग ने लगाई प्लांटों पर पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पॉवर प्लांटों से निकल रहे फलाईऐश के अवैध परिवहन और डंपिंग पर विभाग का नियंत्रण नहीं है। हालात यह है कि लाख कोशिश के बाद भी इसका परिवहन थम नहीं रहा है। यह हम नहीं बल्कि पर्यावरण विभाग ही कह रहा है। विभाग ने ऐसे दर्जनों प्लांटों पर लाखों की पेनाल्टी लगाई है। हालांकि इसमें एक ही प्लांट को अलग-अलग समय में कई-कई बार पेनाल्टी लगाई गई है। बीते 2024 से अब तक इन प्लांटों पर अधिरोपित जुर्माने की राशि लाखों में है। इसमें पांच प्लांटों पर 3 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया गया है।

ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा राखड़ का अवैध परिवहन बेखौफ किया जा रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए पर्यावरण विभाग समय-समय पर कार्रवाई तो करता है, लेकिन जिले में जिस तरह से इनका दायरा बढ़ता जा रहा है यह विभाग के लिए भी चुनौती से कम नहीं है। हर साल पर्यावरण विभाग इन संयंत्रों के खिलाफ कार्रवाई करती है, इसके बाद भी अवैध परिवहन बंद होता नहीं है। इसका ताजा उदाहरण कुछ प्लांटों पर लगाए गए जुर्माना है।इसमें सबसे अधिक तो एनटीपीसी लारा पर करीब 64 लाख की पेनाल्टी लगाई गई है। पर्यावरण विभाग द्वारा यह जुर्माना बीते 2024 से अब तक लगाई गई है। अन्य प्लांटों में जेएसडब्ल्यू को 3 लाख 13 हजार 545, सिंघल स्टील को 1 लाख 18 हजार, सारडा एनर्जी को 7 लाख 90 हजार 560 रुपए जुर्माना लगाया गया है। यह केवल कुछ प्लांटों पर लगाए गए जुर्माना है। इसकी फेहरिस्त काफी लंबी है।



**डंपिंग के लिए भी तय नहीं स्थल, जहां नजर आई खाली जगह वहां कर दिया डंप**

**इन पर भी किया गया पेनाल्टी अधिरोपित**

ऐसा नहीं है कि विभाग कार्रवाई नहीं करता, समय-समय पर जांच भी करता है और पेनाल्टी भी लगाता है, लेकिन अवैध परिवहन पर रोक लगता ही नहीं है। हालात यह है कि जुर्माना का आंकड़ा और संख्या दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। इसी तरह 2022 से भी कुछ प्लांटों पर पेनाल्टी लगाने की जानकारी मिली है। इसमें जेएसडब्ल्यू पर 21 लाख 56 हजार 475, सिंघल इंटरप्राइजेज पर 6 लाख 25 हजार, रायगढ़ इस्पात पर 13 लाख 45 हजार, नवदुर्गा फ्यूल्स पर 7 लाख 20 हजार और सारडा एनर्जी पर 2 करोड़ 53 लाख 29 हजार 360 कुल 3 करोड़ 1 लाख 75 हजार पेनाल्टी लगाई गई है। यह कार्रवाई बीते 2022से अब तक की गई है।

### 4 ट्रकों में लोड 82 लाख का 81 टन अवैध कबाड़ जब्त, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल पुलिस ने 4 कबाड़ लोड ट्रकों को पकड़ा। इन ट्रकों से 81 टन से अधिक स्क्रैप बरामद किया गया। इस कार्रवाई में कुल 82.13 लाख की संपत्ति जब्त की गई है। हाटी से छाल होते हुए घरघोड़ा की ओर अवैध कबाड़ का परिवहन करनें की जानकारी पुलिस को मिली थी। छाल पुलिस ने बेरियर पर नाकेबंदी कर संदिग्ध ट्रकों को रोका और जांच शुरू की। जांच के दौरान चारों ट्रकों में भारी मात्रा में लोहा, पाइप, एंगल और स्क्रैप लोड पाया गया। ऐसे में चालकों से कबाड से संबंधित दस्तावेजों को लेकर पूछताछ की गई लेकिन किसी भी चालक के पास वैध दस्तावेज नहीं थे । ऐसी स्थिति में पुलिस ने चारों ट्रकों और उनमें भरे कबाड़ को जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने पहले ट्रक से करीब 25.1 टन स्क्रैप, दूसरे से 24.1 टन, तीसरे से 16.06 टन और चौथे से 15.76 टन कबाड़ बरामद कर जब्त किया। चारों ट्रकों की अनुमानित कीमत करीब 48 लाख रुपये और कबाड़ की कीमत लगभग 34.13 लाख रुपये आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने चारों चालक—छोटेलाल यादव, नरसिंग यादव, छबिनाथ प्रसाद और अरविंद कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

# छत्तीसगढ़-ओड़िशा के ट्रांसपोर्टरों की बैठक सड़क हादसों पर लगाम लगाने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए रायगढ़ पुलिस ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर के साथ मिलकर सख्त और व्यापक रणनीति तैयार की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित अहम बैठक में परिवहन विभागए ट्रैफिक पुलिस और छत्तीसगढ़, उड़ीसा के ट्रांसपोर्टरों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा ने की।

बैठक में साफ तौर पर निर्देश दिए गए कि सभी ट्रांसपोर्टर अपने ड्राइवरों का सत्यापन, ड्राइविंग लाइसेंस जांच और यूनिफॉर्म अनिवार्यता सुनिश्चित करें। जरूरत पड़ने पर ड्राइवरों की ड्राइविंग स्किल का परीक्षण भी किया जाएगा। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि बिना सत्यापन या लापरवाही बरतने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई होगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती बढ़ाने के लिए ब्रीथ एनालाइजर जांच अभियान तेज किया जाएगा। ट्रांसपोर्टरों को निर्देश दिया गया कि वे अपने ड्राइवरों की नियमित निगरानी करें और उन्हें मोबाइल का उपयोग न करने व सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक करें। लंबी दूरी के चालकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेस्ट एरिया और सुरक्षित पार्किंग की व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया, ताकि थकान के कारण होने वाले हादसों को रोका जा सके। जिला परिवहन अधिकारी अमित कश्यप ने ओवरलोडिंग, फिटनेस और स्पीड लिमिट को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बिना फिटनेस वाले वाहन सड़क पर नहीं चलेंगे। साथ ही रात में दृश्यता बढ़ाने के लिए वाहनों में रिफ्लेक्टर और इंडिकेटर लाइट अनिवार्य करने पर जोर दिया गया। ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने कहा कि सभी ड्राइवरों का डेटाबेस तैयार कर अपडेट रखना और पुलिस.परिवहन विभाग के साथ साझा करना जरूरी होगा। संयुक्त जांच अभियान को और प्रभावी बनाने पर भी सहमति बनी।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को कुचला, मौके पर मौत, पति व बच्चे भी घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**रामपुर-टुण्ड्री से सिंघनपुर जाते वक्त हुआ हादसा, परिजनों ने चक्काजाम कर की कार्रवाई की मांग**



भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर के पास एक तेजरफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी से अपने पति और बच्चे के साथ माइके जा रही गर्भवती आंगनबाडी कार्यकर्ता कुचल दिया, इस हादसे में आंगनबाडी कार्यकर्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका पति और बच्चा भी बुरी तरह से घायल हो गए। वहीं आरोपी ट्रेलर चालक वाहन छोडकर मौके से फरार हो गया। इधर, सूचना मिलने पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और चक्काजाम करते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की। हादसे और चक्काजाम की सूचना मिलते ही भूपदेवपुर पुलिस भी पहुंची और किसी तरह समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त कराया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आशा राठिया आंगनबाडी कार्यकर्ता के रूप में काम करती है और अपने पति और बच्चे के साथ ही रामपुर टुण्ड्री में रहती है। सिंघनपुर उसका माइका है, वह रोजाना टुण्ड्री से सिंघनपुर आना-जाना करती है। शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे रोज की तरह वह अपने पति और बच्चे के साथ टुण्ड्री से सिंघनपुर जा रही थी, इसी बीच सिंघनपुर गांव से करीब 100 मीटर पहले रायगढ की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में आशा ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गई, जबकि उसका पति व बच्चा दूर जा गिरे, जिससे वे घायल हो गए। इस हादसे के बाद आरोपी ट्रेलर चालक मौके से वाहन छोड कर फरार हो गया। चूंकि हादसा गांव के पास ही हुआ है, ऐसे में ग्रामीणों को तत्काल इस घटना की जानकारी मिल गई और वे मौके पर पहुंच गए। घटना स्थल पर मंझर देख आंगनबाडी कार्यकर्ता के परिजन के पैरों तले जमीन खिसक गई। वहीं ग्रामीणों में इस हादसे को लेकर काफी आक्रोश देखने को मिला, आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि परिजन और ग्रामीण मुआवजे व सख्त कार्यवाही की मांग को लेकर छह घंटे तक चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान स्थिति काफी तनावपूर्ण बनी रही। इस चक्काजाम की वजह से इस मार्ग के दोनों वाहनों की लंबी कतार लग गई। ऐसे में उन्हें चक्काजाम खत्म करने के लिए काफी समझाइश देने का प्रयास किया गया, लेकिन नहीं माने। काफी समझाइश के बाद मृतिका के परिजन को 1 लाख रूपए सहायता राशि की दी गई, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

**दी गई समझाईश**

सडक हादसे में आंगनबाडी कार्यकर्ता की मौत ट्रेलर की चपेट में आकर हो गई है, उसका पति और बच्चा घायल हैं। घटना के बाद परिजन व ग्रामीणों ने चक्काजाम किया था, जिन्हें समझाइश देने के बाद शांत कराया गया।

**संजय नाग**
टीआई, भूपदेवपुर

### नए जनपद भवन के लिए 3 बार शासन को गया प्रस्ताव, अब भी फाइलों में कैद

# फंड नहीं, जर्जर भवन की मरम्मत कराते हैं जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




कलेक्टोरेट और जिला पंचायत के मध्य स्थित जर्जर रायगढ जनपद पंचायत भवन को जनप्रतिनिधियों को मरम्मत कराना पड़ रहा है। कारण जनपद में इसके लिए न तो फंड है और न ही शासन से राशि मिल रही है। हालात यह है कि ग्रामवासियों द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि जहां बैठते हैं, उस भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि लोगों में हमेशा डर बना रहता है। शासन को नए भवन निर्माण के लिए 3 बार प्रस्ताव भेजा जा चुका है, लेकिन अब तक यह प्रस्ताव फाइलों से बाहर नहीं आ सकी है। ऐसी स्थिति में यहां के जनप्रतिनिधि अब खुद अपनी जेब से अपने कक्षों की मरम्मत, रंग-रोगन और फर्नीचर की व्यवस्था कर रहे हैं।

नए भवन निर्माण के लिए पूर्व में तीन बार 1 करोड़ 84 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, चुंकि इस प्रस्ताव पर अब तक मुहर नहीं लग सकी है। ऐसे में जनपद पंचायत रायगढ में सेल्फ-सर्विस सिस्टम चल रहा है, जहां अपना दफ्तर, अपना खर्च ही नया मॉडल बन गया है। मुख्य बात यह है कि जनपद पंचायत की आय के स्थायी स्त्रोतों का अभाव बना हुआ है जो इस संकट को और गहरा करता नजर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर रेत घाट और डीएमएफ जैसे संभावित राजस्व स्त्रोतों से भी कोई ठोस लाभ नहीं निकल पा रहा है, जिससे इस वित्तीय संकट से निकला जा सके। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह हालात ऐसे क्षेत्र में हैं, जहां विकास की उम्मीद सबसे ज्यादा की जाती है, लेकिन यहां जनप्रतिनिधियों को ही अपनी जेब ढीली कर व्यवस्थाएं संभालनी पड़ रही है। जनपद पंचायत के पास फिलहाल पंचायतों की निगरानी की जिम्मेदारी तो है, लेकिन संसाधनों के बिना यह जिम्मेदारी भी किसी बोझ से कम नहीं है।

**प्रशासनिक स्तर पर विकल्प की तलाश**

जनपद सीईओ सनत नायक के अनुसार, भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 84 लाख रुपये का प्रस्ताव 3 बार शासन को भेजा गया है, लेकिन इसके निर्माण के लिए अब तक शासन से स्वीकृति नहीं मिली है। अब जनपद प्रतिनिधियों और प्रशासन के साथ मिलकर उनके विकास मद से सहयोग जुटाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि जर्जर भवन की मरम्मत कर कर्मचारियों और आम जनता को बेहतर सुविधा दी जा सके।

**नहीं मिली मंजूरी**

भवन की स्थिति बेहद खराब है, मरम्मत के सहारे काम चलाया जा रहा है। रायगढ़ में करोड़ों के विकास कार्य हो रहे हैं, लेकिन जनपद कार्यालय के नए भवन को मंजूरी नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे जनप्रतिनिधियों का मनोबल प्रभावित हो रहा है।

**श्रीमती सुजाता चौहान**
अध्यक्ष, जनपद पंचायत रायगढ़

### संतोष ने खड़ा किया आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार

**रायगढ़।** दृढ़ इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन मिल जाए तो सीमाएं भी सफलता की राह नहीं रोक पातीं। इसका सशक्त उदाहरण हैं रायगढ़ जिले के ग्राम विजयपुर निवासी संतोष कुमार यादव, जिन्होंने शारीरिक दिव्यांगता के बावजूद आत्मनिर्भर बनकर एक मिसाल कायम की है। जन्म से शारीरिक चुनौतियों का सामना कर रहे संतोष के लिए जीवन आसान नहीं था। एक हाथ के अभाव और दोनों पैरों की कमजोरी के चलते सामान्य कार्य भी कठिन थे। बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा था। इसी दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम की योजना की जानकारी मिली।


LCIT PUBLIC SCHOOL
L C I T
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
www.lcitps.edu.in lcitpublicschool LCIT PUBLIC SCHOOL
Success is the result of consistent effort and determination.
Congratulations to our brilliant Class X achievers for setting a benchmark of excellence.
LCIT Blooming Buds
ADMISSIONS OPEN
Play Group to IV
NO ADMISSION FEE
9516167123, 9516161123
1st RAM YUVRAJ PANDEY 99.4 %
AKRITI AGRAWAL 98.2%
AARADHYA DUBEY 97.2%
AARADHYA AGRAWAL 97.2%
SCHOOL TOPPERS GRADE X
LCIT PUBLIC SCHOOL
ADMISSIONS OPEN
Nursery to XII
NO ADMISSION FEE
Near High Court, Raipur Road, Bilaspur, (C.G.)
9589000465, 9516606123
ASHISH NAMAN 96.8%
KAVYANSHA SONGARG 96.4%
PANNA SINGH 96%
ABHASH KOTNALA 95.6%
ATHARVA ASHISH PALSULE 95.6%
SHRIYANK CHOUBEY 94.4%
SARISKA BANJARE 94.2%
SAKSHI YADAV 94%
ARINDAM PANDEY 93.8%
SNEHA PATLE 93.2%
DHWAJ SHARMA 92.8%
MANAS KUMAR MENGHANI 92%
DIVESH VERMA 91.8%
MEGHASHRI BHARDWAJ 91.8%
DIYA AGRAWAL 91.8%
DARSHITA KAUSHIK 91.8%
KHANAK PAMNANI 91.6%
MASOOMA BANJARE 91.4%
SHASHVAT SHARMA 91.2%
SOUMYA AGRAWAL 91.2%
MOHAMMAD JUNAID 91.2%
SANSKAR SHAW 90.8%
RADHIKA SONI 90.6%
REET CHAUDHARY 90.2%
NISHTHA SAHU 89.8%
JATIN KALWANI 89.8%
AADYA AGRAWAL 89.6%
AASTHA JATWAR 89.4%
SAKSHI KAUSHIK 88.8%
SAKSHI MEHARCHANDANI 88.4%
DRISHTI HARANGAONKER 88.4%
AASTHA PHOTANI 88.4%
STUTI JAISWAL 88.2%
SAKSHI ISRANI 88.2%
MANYA GWALANI 87.8%
SANSKAR PANDEY 87.4%
BHAWESH PRADHAN 87.4%
CHERY THACKER 87.2%
PRINCE SACHDEV 87.2%
NIHARIKA SONTEKE 86.8%
AASHUTOSH KAUSHIK 86.6%
SIDDHI SONI 86.6%
MANYA SINGH 86.4%
FAREEZA KHAN 86.2%
SHREYA SAHU 86%
SOMNATH PANIGRAHI 85.8%
NAVYA SHARMA 85.8%
SARTHAK SHARMA 85.6%
MITALI NAGESHWAR 85.6%
DIMPY ROHRA 85.6%
RASHI SAHU 85.4%
TRIPTI MANWANI 85.2%
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING I MBA I COMMERCE I SCIENCE I ARTS I LAW I PHARMACY

## खबर संक्षेप

### एनआरआसी में 190 बच्चों ने जीती कुपोषण से जंग

**कटेली।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ स्थित पोषण एवं पुनर्वास केंद्र एनआरआसी कुपोषित बच्चों के लिए एक नई उम्मीद की किरण बनकर उभरा है। अब तक कुल 190 कुपोषित बच्चों को सफलतापूर्वक उपचारित कर लाभान्वित किया जा चुका है। 15 दिनों का विशेष उपचार और सुनिश्चित आहार जिला चिकित्सालय में संचालित इस 10 बेड के एनआरआसी में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को उनकी माताओं के साथ15 दिनों के लिए भर्ती किया जाता है। एनआरआसी की बेहतर सेवाओं और देखभाल की चर्चा अब पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के रायसेन जिले तक पहुंच गई है। वर्तमान में मध्यप्रदेश से आए कुपोषित बच्चे भी यहाँ भर्ती होकर उपचार लाभ ले रहे हैं। मध्यप्रदेश से आए एक परिजन ने अस्पताल की प्रशंसा करते हुए कहा सारंगढ़ जिला चिकित्सालय के छत्ब के बारे में सुना था। यहाँ आने के बाद हमें जो अपनापन और डॉक्टरों एवं छत्ब स्टाफ की उपचार के प्रति लगन दिखी, उससे हम बहुत प्रभावित हैं।

### सर्वानंद को मिला पोस्ट ग्रेजुएट की उपाधि

**सरिया।** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में स्थापित महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय जो देश का एकमात्र केंद्रीय हिंदी विश्वविद्यालय है। यहां 16 अप्रैल को आयोजित भव्य छठा दीक्षांत समारोह में भारत के लगभग 400 छात्र छात्राओं को स्नाकोत्तर, स्नातकोत्तर तथा उच्च शिक्षा की उपाधि प्रदान की गई ।जिसमें सरिया क्षेत्र सूरजगढ़ गांव के सामान्य कृषक आनंद राम साहा के पुत्र सर्वानंद साहा को भी स्नातकोत्तर पोस्ट ग्रेजुएट की उपाधि प्रदान की गई। यह अवसर न केवल उनके एवं उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे गांव और सरिया क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत की राष्ट्रपति एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु उपस्थित रहीं।

## निधन

### कमला बाई



**सरसीवां।** नगर की मिलनसार एवं 63 वर्षीय महिला कमला बाई का गुरुवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कमला बाई पूर्व ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सरसीवां की उपाध्यक्ष रहीं थीं। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं और उनका उपचार रायपुर के एक निजी अस्पताल में जारी था। उपचार के दौरान गुरुवार दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। कमला बाई अपने सरल स्वभाव और सौम्य व्यवहार के कारण नगरवासियों के बीच विशेष पहचान रखती थीं। उनके निधन से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

### गणित में 6 छात्रों को मिले 99 फीसदी तो एआई में 4 छात्रों को मिले 100 प्रतिशत अंक

# ओपीजे स्कूल की आव्या और स्वेतलिना को मिले 98 प्रतिशत अंक, बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़







सीबीएसई ने बुधवार 15 अप्रैल को हाई स्कूल का रिजल्ट जारी कर दिया। ओपी जिंदल स्कूल सावित्री नगर तमनार के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। स्कूल में कक्षा दसवीं में 138 छात्रण्छात्राएं अध्ययनरत थे।


इनमें से सभी विद्यार्थी पास हो गए हैंए स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्रा आव्या सिंह 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल की टॉपर रहीं। स्वेतलिना पात्रा दूसरे स्थान पर रहीं उन्हें 98 प्रतिशत और मौरी लहरे को 97.6 प्रतिशत अंक मिले। ओपी जिंदल स्कूल सावित्रीनगर के कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के प्राचार्य राकेश शर्मा ने बताया कि स्कूल की टॉपर आव्या सिंह को एआई में 100 अंक, गणित में 99 और विज्ञान में विषय में 98 अंक मिले हैं। स्वेतलिना पात्रा को गणित में 99 और संस्कृत में 100 में 100 अंक मिले हैं, मौरी लहरे को संस्कृत विषय में 100 में 100 अंक मिले हैं। एआई में हर्ष लाम्बा, लीशा पटेल और पियुष बेहरा को भी शत प्रतिशत अंक मिले हैं। जबकि गणित में प्रत्युषा पंडा, आस्था शर्मा, शुभ्रा वर्मा और ओमसिंह को 99 अंक मिले हैं। स्कूल के 12 विद्यार्थियों ने अलग अलग विषयों में 100 में 100 अंक हासिल किए हैं। स्कूल के 17 विद्यार्थियों को 95 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं जबकि 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 35 है।

### 10वीं बोर्ड में 91 प्रतिशत अंक लाकर शुभ ने बढ़ाया मान

**कटेली ।** सपनों को सच करने का जज्बा और मेहनत की मिसाल बनकर उभरे वैदिक इंटरनेशनल स्कूल, पटेल पाली रायगढ़ के प्रतिभाशाली छात्र शुभ अग्रवाल ने सीबीएससी 10वीं बोर्ड परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता दर्ज की है। इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है और हर तरफ खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। शुभ अग्रवाल, प्रतिष्ठित व्यवसायी संजय अग्रवाल के सुपुत्र एवं माता डिम्पल अग्रवाल के लाडले हैं। अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर शुभ ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों तो सफलता खुद कदम चूमती है।

### आईटीआई में मेहमान प्रवक्ताओं की भर्ती, 20 तक

**रायगढ़।** जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कौशल आधारित शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मेहमान प्रवक्ताओं की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य नोडल अधिकारी, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ द्वारा जारी सूचना के अनुसार विभिन्न ट्रेडों में कुल रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में व्यवसाय बेसिक कॉस्मेटोलॉजी के 02 पद तथा सर्फेस ऑर्नामेंटेशन टेक्नीक्स एंब्रॉयडरी के 02 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धरमजयगढ़ में वर्कशॉप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के 01 पद तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था तमनार में वर्कशॉप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग के 01 पद रिक्त हैं। इन पदों पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं मेहमान प्रवक्ता के रूप में की जाएगी।



## मनरेगा की कार्य से बदली तस्वीर, नाली बनी खेत, किसान अब ले रहे दोहरी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

गांव की तस्वीर बदल रही है, खेतों की किस्मत संवर रही है और किसानों के चेहरे पर अब आत्मविश्वास की चमक साफ नजर आ रही है। यह बदलाव किसी चमत्कार से कम नहीं, बल्कि महात्मा गांधी नरेगा योजना की मजबूत नींव पर खड़ा हुआ है, जिसने ग्रामीण विकास को नई दिशा दी है। जिले के गांवों में आजीविका बढ़ाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की दिशा में लगातार सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का नतीजा अब जमीन पर साफ दिखाई दे रहा है। सारंगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत केड़ार ने विकास की नई कहानी लिख दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मनरेगा के तहत करीब 9.99 लाख रुपए की लागत से 254 मीटर लंबी पक्की सिंचाई नाली का निर्माण किया गया। यह नाली अब सिर्फ एक संरचना नहीं, बल्कि किसानों के सपनों की धारा बन चुकी है।

### 300 एकड़ में सिंचाई, दोहरी फसल का कमाल

पहले जहां किसान बारिश के भरोसे खेती करने को मजबूर थे, वहीं अब इस पक्की नाली के माध्यम से 250 से 300 एकड़ भूमि में सिंचाई संभव हो रही है। धान के साथ-साथ अब सब्जी.भाजी की खेती भी तेजी से बढ़ रही है। किसान अब खरीफ और रबी दोनों सीजन में फसल लेकर अपनी आमदनी दोगुनी कर रहे हैं। पूर्व में किसान खुद कच्ची नालियां बनाकर किसी तरह नहर का पानी खेतों तक पहुंचाते थे, लेकिन यह व्यवस्था अस्थायी और जोखिम भरी थी।

# अवैध शराब, जुआ सट्टा का चल रहा बेखौफ कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली




सारंगढ़ से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर कोतमरा, कटेली ग्राम में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है। आसपास के ग्रामों से शराब पीने के लिए इन ग्रामों में आए दिन देर रात तक शराब पीने के लिए आते जाते रहते हैं। जुआ सट्टा देर रात तक पृथक पृथक स्थानो में चलती है जिससे आसपास की दुकानों में ताला टूटने एवं उचित मूल्य दुकान में चावल की चोरी जैसे घटनाएं हो रही है।

छोटे-छोटे दुकानदार के ताले टूट रहे हैं। अवैध शराब बिक्री पर ग्राम पंचायत सरपंच एवं ग्राम के प्रतिनिधियों ने प्रतिबंध लगाया गया है बावजूद बड़े स्तर पर कच्ची महुआ शराब बनाकर आसपास के ग्रामों में भी बिक रही है आसपास के गांव कटेली, कोतमरा, बेलपाली, होलधर पाली में भी बड़ी चोरियां हो चुकी है। युवा एवं छोटे बच्चे शराब पीकर रात के अंधेरे में चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। दिन में शराब बेचकर एवं जुआ सट्टा का कारोबार जोरों से चल रहा है। शराब बेचकर अधिक आय अर्जित कर गांव में माहौल खराब कर रहे हैं। शराब बिक्री कर घर बैठे आय अर्जित कर रहे हैं जिससे शराब बिक्री करने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है। कोतमरा, कटेली के हर गली मोहल्ला में शराब की बिक्री हो रही है आंगनबाड़ी के सामने और स्कूल के पास मुख्य मार्ग, चौक चौराहा में शराब बिक्री हो रही है। दिन में गोठान के पास या नाला किनारे एवं खेत में 52 परियों के साथ बड़े स्तर में जुआ का खेल चल रहा है। पुलिस धर.पकड़ कर कार्रवाई कर रही है, लेकिन जुआ और शराब के इन अड्डों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# बैंकों के सामने सड़क पर पार्किंग, परेशान नागरिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया



**सकरे और व्यस्तम मार्ग पर स्थित आईडीएफसी बैंक के सामने लगता है बार-बार जाम**

खरसिया नगर में बैंकों कि स्वयं की पार्किंग नहीं होने की वजह से ग्राहकों और कर्मचारियों द्वारा सड़क पर ही वाहन खड़े कर दिए जाते हैं जिसकी वजह से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मार्ग बार-बार जाम हो जाते हैं। ट्रैफिक व्यवस्था से परेशान आम नागरिकों ने खरसिया एसडीएम आईएएस अक्षय दोषी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कैलाश शर्मा, खानु चांदवानी, अमित राठौर, सुमित खूबवानी, और नगरवासियों ने बताया कि हमारे द्वारा एसडीएम को ज्ञापन के माध्यम से शहर की बड़ी समस्या से अवगत करवाते हुए निवेदन किया गया है कि खरसिया नगर में संचालित अनेकों बैंको द्वारा अपने कार्यालय के सामने आम रास्ता में बैंकों के कर्मचारियों द्वारा वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है उसके बाद जो आदमी बैंको में अपने कामों से आता है उनका दोपहिया वाहनों को खड़ा करने के कारण शहर के भारतीय स्टेट बैंक, बैंक आफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईडीएफसी बैंक, सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, युनियन बैंकए, केनरा बैंक जिनके द्वारा अपने स्वयं के एवं बैंक के ग्राहकों के लिए कोई पार्किंग की व्यवस्था नहीं किये जाने के कारण सड़क जाम हो जाता है इस कारण से शहर की यातायात व्यवस्था अस्त व्यस्त होती जा रही है। लगातार सड़क पर जाम लगने से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का समाना करना पड़ता है हमेशा सडक दुर्घटना के भय के साथ ही हमेशा वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। सबसे ज्यादा ट्रैफिक वाले सकरे मार्ग पर आईडीएफसी बैंक स्थित है। इस मार्ग पर सड़क पर ही बैंक कर्मचारियों तथा ग्राहकों द्वारा वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे मोटरसाइकिल और कार तक का निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कन्या भवन से अग्रसेन चौक तक की सड़क जिस पर आईडीएफसी बैंक स्थित है यही ट्रैफिक सबसे ज्यादा रहता है इसी मार्ग पर बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड श्री श्याम बिहारी मंदिर कन्या भवन अग्रसेन भवन स्थित है। साथ ही चार से पांच स्कूलों के छोटे छोटे बच्चों का नियमित आवागमन इसी मार्ग से होता है।

# मौत का कारोबार बना रेत खनन हादसों के बाद भी कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

**कुरकुट नदी को चीरकर हो रहा दोहन, नाबालिग चला रहे ट्रैक्टर**



कंचनपुर आमापाली क्षेत्र में अवैध रेत खनन अब सिर्फ नियमों की अनदेखी नहीं, बल्कि खुलेआम मौत का कारोबार बन चुका है। कुरकुट नदी का सीना चीरकर दिन.-रात रेत निकाली की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह मामला पहले भी कई बार सुर्खियों में आ चुका है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों के मुताबिक इस अवैध खनन और तेज रफ्तार ट्रैक्टरों के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। मासूम लोगों की जान जोखिम में पड़ चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी गहरी नींद में हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे अवैध धंधे में नाबालिग लड़कों से बेधड़क ट्रैक्टर चलवाए जा रहे हैं। बिना लाइसेंस, बिना सुरक्षा, ये बच्चे सड़कों पर तेज रफ्तार से ट्रैक्टर दौड़ाते नजर आते हैं। यह सीधे.सीधे कानून की धज्जियां उड़ाने के साथ.साथ मानवता के खिलाफ अपराध है। इस पूरे मामले को पहले भी मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाया गया, तस्वीरें और खबरें सामने आईं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई गई। नतीजा माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए और अब यह धंधा और भी तेजी से फल.फूल रहा है।

अवैध खनन के चलते कुरकुट नदी का स्वरूप तेजी से बिगड़ रहा है। नदी की गहराई और बहाव पर असर पड़ रहा है, जिससे भविष्य में जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन का खतरा मंडरा रहा है। यह सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है, जिसके साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है।

### 24 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पामगढ़।** 24 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भैसो का है। पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुखबिर सूचना पर थाना पामगढ पुलिस द्वारा रघुवीर सिंह ठाकुर के कब्जे से 24 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। जब्त शराब की कीमत 48 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी पामगढ निरीक्षक सावन सारथी, सहायक उपनिरीक्षक सरोज पाटले, महिला प्रधान आरक्षक मंजू सिंह, आरक्षक मुकेश कमलेश, चंद्रशेखर कैवर्त्य, श्याम ओग्रे, विनोद मनहर, सैनिक अनिल दिनकर का योगदान रहा।

# कटेली हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन, मिलेगी बच्चों को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली



क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय के प्रयासों से ग्राम कटेली स्थित हाई स्कूल का अब हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन हो गया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कटेली हाई स्कूल की समस्याओं और छात्रहित को ध्यान में रखते हुए इस विषय को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा था। उनके इन प्रयासों का सुखद परिणाम यह रहा कि आगामी बजट में कटेली हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी के रूप में परिणित करने की स्वीकृति मिल गई है। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने संजय पांडेय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। हाल ही में जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में पढ़ाई का स्तर काफी बेहतर पाया गया। प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 9वीं की परीक्षाओं के संपन्न होने के तुरंत बाद, विद्यार्थियों के समय का सदुपयोग करने हेतु कक्षा 10वीं की नियमित पढ़ाई अभी से निरंतर जारी कर दी गई है।

**बुकिंग कराने के बाद भी समय पर डिलीवरी नहीं**

# डोंगरीपाली गैस एजेंसी की मनमानी से त्रस्त हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली




डोंगरीपाली-दूलोपाली मर्यादित सोसायटी समिति द्वारा संचालित गैस एजेंसी की मनमानी से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एजेंसी द्वारा समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं की जा रही है वहीं वितरण व्यवस्था में भी लगातार अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। ग्राहकों का कहना है कि कई बार बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पाता। जिससे उनके दैनिक घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

उपभोक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि डिलीवरी में अनावश्यक देरी की जा रही हैए साथ ही कुछ मामलों में अतिरिक्त शुल्क वसूली और मनमाने तरीके से वितरण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि एजेंसी संचालक से शिकायत करने के बावजूद उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए और गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारू बनाया जाएए ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# सूने घर में सेंधमारी फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

ग्राम बेन्दुआ में सूने मकान को निशाना बनाकर अंजाम दी गई चोरी की वारदात का पुलिस ने आखिरकार खुलासा कर दिया है। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को लगभग दो वर्ष बाद गिरफ्तार किया गया।

थाना सरसींवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेन्दुआ निवासी विमला बाई यादव 15 जुलाई 2024 की शाम करीब 6 बजे अपने घर में ताला लगाकर बेटी के घर जुनवानी नवापारा चली गई थीं। 16 जुलाई की शाम करीब 5 बजे जब वे वापस लौटीं, तो घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ मिला।

अंदर जाकर देखा तो चांदी के आभूषण, एलईडी टीवी, इंडक्शन, मिक्सी ग्राइंडर, कांसे के बर्तन सहित लगभग 25 हजार रुपए की संपत्ति गायब थी। पीड़िता की शिकायत पर थाना सरसीवां में धारा 305,ए 33,14 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की थी। मामले में पुलिस को बड़ी सफलता तब मिली जबए लंबे समय से फरार आरोपी मोहर दास मानिकपुरी 27 वर्ष निवासी बेन्दुआ को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से एक एलईडी टीवी, एक चांदी की पायल और दो नग चांदी की अंगूठी बरामद की गई, जिनकी कीमत 4650 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

